दीपावली मिलन पर लजीज व्यंजनों की महक

रायपुर. विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के शिक्षा विभाग ने आनंद मेला सहित दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया. पटाखों के धमाकों से परहेज करते हुए इस मिलन समारोह में विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए स्वादिष्ट व्यंजनों का आदान-प्रदान कर रोचक खेलों का आनंद लिया. इस मौके पर वाणिज्य संकाय द्वारा कार्पोरेशन बैंक के सहयोग से स्टॉल लगाकर विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण के बारे में जानकारी भी दी गई. प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी, सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं.

नवभारत 10/11/15 (Tuesday)

नवम्बर 2015

विप्र कला वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए जैसे चाट, गुपचुप,भेल,समोसे इत्यादि। साथ ही कुछ मनोरंजक गेम्स के भी स्टाल लगाए गए। वाणिज्य संकाय द्वारा कार्पोरेशन बैंक के सहयोग से स्टाल लगाकर विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण के बारे में जानकारी दी गई।